
भ् + य = भ्य सभ्य



ल् + ल = ल्ल बिल्ली

स् + स = स्स रस्सी

© KTBS
Not to be published

ष् + प = ष्प　　पुष्प

ट् + ट = ट्ट　　लट्टू

ट् + ठ = ट्ठ　　लट्ठा

ड् + ड = ड्ड　　लड्डू

द् + य = द्य　　विद्या

द् + व = द्व　　द्वार

द् + ध = द्ध　　युद्ध

ह् + न = ह्न　　चिह्न

ड् + र = ड्र　　ड्रम

ट् + र = ट्र　　ट्रक

ह् + र = ह्र　　ह्रास

श् + र = श्र　　श्रीमान











© KTBS
Not to be published

**अध्यापन संकेत :** संयुक्ताक्षरों का उच्चारण करवाएँ।

पाठ 7

# गिनती (1 से 20 तक)

J5C8S2

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | १ | एक | 11 | ११ | ग्यारह |
| 2 | २ | दो | 12 | १२ | बारह |
| 3 | ३ | तीन | 13 | १३ | तेरह |
| 4 | ४ | चार | 14 | १४ | चौदह |
| 5 | ५ | पाँच | 15 | १५ | पन्द्रह |
| 6 | ६ | छः | 16 | १६ | सोलह |
| 7 | ७ | सात | 17 | १७ | सत्रह |
| 8 | ८ | आठ | 18 | १८ | अठारह |
| 9 | ९ | नौ | 19 | १९ | उन्नीस |
| 10 | १० | दस | 20 | २० | बीस |

© KTBS Not to be published

## अभ्यास

**1) अंकों में लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| एक | 1 | १ |
| सात | ..... | ...... |
| ग्यारह | ..... | ...... |

**2) शब्दों में लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| 3 | ३ | तीन |
| 5 | ५ | .......... |
| 13 | १३ | .......... |

**3) पढ़ो और लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | ९ | नौ |
| 14 | .......... | .......... |
| 17 | .......... | .......... |
| 15 | .......... | .......... |
| 19 | .......... | .......... |

© KTBS Not to be published

## 4. अंक और शब्द भरो :

| अंग्रेजी अंक | हिंदी अंक | शब्दों में | अंग्रेजी अंक | हिंदी अंक | शब्दों में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | |
| | १० | | | | सोलह |
| 17 | | | 11 | | |
| | १५ | | | | बीस |
| 7 | | | | | छः |
| | | तीन | | १८ | |
| | १२ | | 14 | | |
| 19 | | | | ८ | |
| | | दस | | २० | |
| | ९ | | | | तेरह |
| | ५ | | 2 | | |

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को 1 से 20 तक सीधी तथा उल्टी गिनती करने तथा लिखने का अभ्यास करवाएँ।

पाठ 8

# मैं, हम, तू, तुम, आप

Y2E7W7



मैं गोपाल हूँ।
मैं छात्र हूँ।
मैं स्कूल जाता हूँ।



मैं सरला हूँ।
मैं छात्रा हूँ।
मैं लिखती हूँ।

© KTBS Not to be published



हम लड़के हैं।
हम मित्र हैं।
हम पाठ पढ़ते हैं।



हम लड़कियाँ हैं।
हम खेलती हैं।
हम साथ रहती हैं।




तू मोहन है।
तू दूध पीता है।
तू बलवान है।



तुम किसान हो।

तुम हल चलाते हो।

तुम अन्नदाता हो।




आप अध्यापक हैं।

आप कविता सुनाते हैं।

आप लिखना सिखाते हैं।

© KTBS Not to be published

## अभ्यास

1) उदाहरण के अनुसार सही वाक्य लिखो :

| अ | ब | क |
|---|---|---|
| मैं लिखती हूँ। | तुम लिखती हो। | आप लिखती हैं। |
| मैं पढ़ती हूँ। | तुम ____________। | आप ____________। |
| मैं खाता हूँ। | तुम खाते हो। | आप खाते हैं। |
| मैं जाता हूँ। | तुम ____________। | आप ____________। |
| मैं गाती हूँ। | तुम ____________। | आप ____________। |
| मैं देखता हूँ। | तुम ____________। | आप ____________। |
| मैं हँसती हूँ। | तुम ____________। | आप ____________। |

## 2) वाक्यों को पढ़ो। उदाहरण के अनुसार लिखो :

उदा : मैं पढ़ता हूँ। मैं पढ़ती हूँ।

क. तुम खेलते हो। तुम ____________।

ख. आप लिखते हैं। आप ____________।

ग. तुम आते हो। तुम ____________।

घ. मैं चलता हूँ। मैं ____________।

ड़. तुम जाते हो। तुम ____________।

## 3. क्रम से लिखो :

क. हूँ / गोपाल / मैं ..................।

ख. जाता / मैं / हूँ / स्कूल ..................।

ग. लड़कियाँ / हैं / हम ..................।

घ. तू / है / पीता / दूध ..................।

ङ हो / अन्नदाता / तुम ..................।

च. कविता / आप / हैं / सुनाते ..................।



© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** सर्वनाम का प्रयोग करते हुए कक्षा में छात्रों से वार्तालाप करवाएँ ।







# यह, ये, वह, वे

I4J3M6

| | |
|---|---|
|  |  |
| यह कलम है। | ये कलमें हैं। |
|  |  |
| यह पुस्तक है। | ये पुस्तकें हैं। |
|  |  |
| यह संतरा है। | ये संतरे हैं। |

© KTBS
Not to be published

| | |
|---|---|
|  |  |
| वह तितली है। | वे तितलियाँ हैं। |
|  |  |
| वह फल है। | वे फल हैं। |
|  |  |
| वह फूल है। | वे फूल हैं। |

© KTBS
Not to be published

## अभ्यास

**1) उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| **उदाहरण :** बोलना | बोलता है । | बोलते हैं । |
| सुनना | वह .......... ... | वे .......... ...। |
| कहना | यह .......... ... | ये .......... ...। |
| लिखना | वह .......... ... | वे .......... ...। |
| उठना | यह .......... ... | ये .......... ...। |
| जागना | वह .......... ... | वे .......... ...। |
| पढ़ना | यह .......... ... | ये .......... ...। |
| तैरना | वह .......... ... | वे .......... ...। |

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को एकवचन और बहुवचन की जानकारी दें।

## पाठ 10

# मेरा, हमारा, तेरा, तुम्हारा

A8N9E3



मेरा नाम सविता है।

सतीश मेरा बड़ा भाई है।

यह मेरा कमरा है।



यह हमारा घर है।

हमारे घर में एक कुत्ता है।

कुत्ता वफादार होता है ।

© KTBS Not to be published

यह तेरा खरगोश है।

तेरा खरगोश प्यारा है।

तेरा खरगोश गाजर खाता है।





यह तुम्हारा विद्यालय है।

तुम्हारा विद्यालय गाँव के पास है।

तुम्हारा विद्यालय साफ-सुथरा है।

## अभ्यास

**1. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो :**

1. मोहन .......... भाई है। (मेरी / मेरा)
2. ............ घर बड़ा है। (हमारा / हमारी)
3. ............ नाम क्या है ? (तेरी / तेरा)
4. ............ गाँव कहाँ है ? (तुम्हारी / तुम्हारा)

**2. मिलान करो :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सतीश | - गाँव के पास है। | 1) | ...............। |
| 2. कुत्ता | - सविता का बड़ा भाई है। | 2) | ...............। |
| 3. खरगोश | - वफादार होता है। | 3) | ...............। |
| 4. विद्यालय | - प्यारा है। | 4) | ...............। |

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों से "मेरा, हमारा, तेरा, तुम्हारा" शब्दों के प्रयोग करवाएँ ।



पाठ 11

# इसका, इनका, उसका, उनका

Z1M2R7



यह घोड़ा है।

इसका रंग काला है।

इसका चेहरा सुंदर है।



सुरेश हमारे पड़ोसी हैं।

इनका परिवार छोटा है ।

इनका कपड़ों का व्यापार है।


©KTBS Not to be published



नवीन मेरा सहपाठी है।

उसका घर हमारे घर के पास है।

उसका भाई वकील है ।



शास्त्री जी हमारे देश के प्रधानमंत्री थे।

उनका पूरा नाम लाल बहादुर शास्त्री है।

उनका 'जय जवान जय किसान' का नारा प्रसिद्ध है।

## अभ्यास

**1. सही शब्द चुन कर वाक्य पूरा करो :**

क. हाथी एक जंगली जानवर है।

............ शरीर बड़ा है। (इसकी / इसका)

ख. मोहन कुमार डॉक्टर हैं।

.................. अपना अस्पताल है। (इनका / इनकी)

ग. किशन एक किसान है।

............... खेत हरा-भरा है। (उसकी / उसका)

घ. सोहनलाल व्यापारी हैं।

.............. हीरों का व्यापार है। (उनकी / उनका)

© KTBS Not to be published

**2. जोड़कर लिखो :**

क) घोड़े का चेहरा - प्रधानमंत्री थे।

ख) नवीन का भाई - सुंदर है।

ग) लालबहादुर शास्त्री जी - वकील है।

**अध्यापन संकेत :** अलग-अलग उदाहरण देकर "इसका, इनका, उसका, उनका" का अभ्यास करवाएँ।



पाठ 12

# का, की, के

N7A1T6

राजू शीला का भाई है।
शफी राजू का मित्र है।
सैयद शफी का बड़ा भाई है।





ये दीपक के बैल हैं।
दीपक के बैल गाड़ी खींचते हैं।
दीपक के खेत में आम के पेड़ हैं।

© KTBS Not to be published

यह सोनू की अलमारी है।
अलमारी में हिंदी की पुस्तकें हैं।
अलमारी की चाबी मेज़ पर है।



## अभ्यास

**1. वाक्य पूरा करो :**

क. राजू शीला ________ भाई है। (का / की)


ख. यह सोनू ________ अलमारी है। (के / की)

ग. ये दीपक ________ बैल हैं। (के / की)

घ. अलमारी ________ चाबी मेज़ पर है। (की / का)

ङ. सैयद शफी ________ बड़ा भाई है। (का / की)

**2. 'का, के, की' का सही प्रयोग करो :**




© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को 'का, के, की' प्रयोग के अन्य उदाहरण देकर अभ्यास करवाएँ।



# पाठ 13

# आया, आये, आयी, आयीं

R6F8Z5

माली बगीचे से आया।

वह फूल लेकर आया।





दादाजी बाज़ार से आये।

गरम जलेबी लाये।

© KTBS Not to be published

वनिता पाठशाला से आयी।

वह परीक्षा देकर आयी।





चिड़ियाँ आयीं।

चिड़ियाँ दाने चुगने आयीं।

## अभ्यास

**1. वाक्य पूरा करो :**

**उदा :** सरिता बाज़ार से आयी। (आया / आयी)

क. माली बगीचे से ........। (आया / आयी)

ख. दादाजी जलेबी ..........। (लाया / लाये)

ग. वनिता पाठशाला से ...........। (आया / आयी)

घ. चिड़िया ...........। (आयी / आयीं)

च. चिड़ियाँ ...........। (आयीं / आयी)

छ. मामाजी गाँव से ......... । (आये / आया)

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को 'वचन' की जानकारी दिलाएँ।



पाठ 14

# था, थे, थी, थीं

M2X5N5



अमित एक सिपाही था।
वह देश की रक्षा करता था।



राकेश और राहिल मित्र थे।
वे रोज़ शाम को खेलते थे।



आरती अच्छी खिलाड़ी थी।
वह दादी की लाड़ली थी।



रूपा और सलमा सहेलियाँ थीं।
वे झूला झूलती थीं।

© KTBS Not to be published

## अभ्यास

**1. था, थे, थी, थीं का सही प्रयोग करो :**

क. अमित देश की रक्षा करता ........। (था / थी)

ख. राकेश और राहिल मित्र ........ । (था / थे)

ग. आरती अच्छी खिलाड़ी ...........। (थीं / थी)

घ. वे झूला झूलती ............। (थी / थीं)




# ता, ते, ती



रमेश गाता है।
वह अच्छा गाता है।





पंछी आसमान में उड़ते हैं।
वे पेड़ों पर बैठते हैं।

तितली सुंदर होती है।
वह फूल से मधु चूसती है।



© KTBS Not to be published

## अभ्यास

**1. वाक्य पूरा करो :**

1. बंदर केला खा .......... है। (ती / ता)
2. सुमा दूध पी ......... है। (ता / ती)
3. अध्यापक पाठ पढ़ा ........... हैं। (ती/ ते)
4. लड़कियाँ मैदान में खेल .......... हैं। (ती / ती)

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को 'ता, ते, ती' के प्रयोग का अभ्यास करवाएँ।

पाठ 16

# रहा, रही, रहे

P5Q8I8



बच्चा खा रहा है।

वह रोटी खा रहा है।



कोयल गा रही है।

वह मीठे गीत गा रही है।

© KTBS Not to be published

नानाजी आ रहे हैं।

वे हासन से आ रहे हैं।



## अभ्यास

**सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो :**

(रहे, रही, रहा)

क. अनूप कपड़े बेच .......... है।

ख. नीता गाड़ी चला .......... है।

ग. बच्चे आँगन में खेल ........... हैं।



# पाठ 17

# जायेगा, जायेंगे, जायेगी, जायेंगी

S5N3U5

मनोहर दूकान जायेगा।
वह राशन लायेगा।





चाचाजी शहर जायेंगे।
वे खिलौने लायेंगे।

© KTBS Not to be published

महिलाएँ मेला देखने जायेंगी।
वह साड़ियाँ लायेंगी।





सरला स्कूल जायेगी।
वह पुरस्कार जीत कर आयेगी।

## अभ्यास

**1. वाक्य पूरा करो :**

क. वह दूकान ..........। (जायेगा / जायेंगे)

ख. वे खिलौने .........। (लायेगा / लायेंगे)

ग. सरला स्कूल .........। (जायेंगी / जायेगी)

घ. महिलाएँ मेला देखने ..........। (जायेंगी / जायेगी)

**2. उदाहरण के अनुसार शब्द बनाओ :**

| | | |
|---|---|---|
| आना | आयेगी | आयेगा |
| जाना | ...... | ...... |
| उठना | ...... | ...... |
| बैठना | ...... | ...... |
| पढ़ना | ...... | ...... |
| खेलना | ...... | ...... |


© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** कुछ अन्य उदाहरण देकर बच्चों से अभ्यास करवाएँ।




# चिड़िया

U6D4B2



रंग-बिरंगे पंखोंवाली,
चिड़िया देखो आई।
चूँ-चूँ करके उड़ती,
सबके मन को भाती।

चिड़िया गाना गाती है,
सुबह हमें जगाती है,
फुर्र से उड़ जाती है।

© KTBS
Not to be published



काश मैं चिड़िया होती,
आसमान में उड़ती।
पेड़ की डाल पर बैठ,
चूँ-चूँ गाना गाती।

**शब्दार्थ :**

रंग-बिरंगे - अलग-अलग रंगोंवाले, चिड़िया - पक्षी, भाती - अच्छी लगती, सुबह - सवेरा, आसमान - आकाश।

## अभ्यास

### 1. मौखिक प्रश्न :

क. चिड़िया क्या गाती है ?

ख. चिड़िया किसके मन को भाती है?

ग. चिड़िया आसमान में क्या करती है ?

### 2. लिखित प्रश्न :

क. चिड़िया कैसी है ?

ख. चिड़िया हमें कब जगाती है ?

ग. यदि तुम चिड़िया होते तो क्या करते ?

### 3. सही शब्द भरो :

क. सबके ............ को भाती है।

ख. फुर्र से ........... जाती है।

ग. काश मैं ............ होती तो आसमान में उड़ती।

© KTBS Not to be published

## 4. चित्र देखकर पक्षियों की बोली समझो :

1.  कौआ काँव-काँव करता है।

2.  तोता टें-टें करता है।

3.  कबूतर गुटरगूँ करता है।

4.  मुर्गा कुकड़ूँ-कूँ करता है।

5.  कोयल कूकती है।

© KTBS Not to be published

## 5. कविता कंठस्थ करो ।


**अध्यापन संकेत :** छात्रों को पक्षियों के मुखौटे पहनकर उनकी आवाज़ सुनाने के लिए कहें ।




पाठ 19

# हाथी मेरा साथी

एक गिलहरी थी। उसे प्यास लगी। वह पानी की खोज में निकली। कहीं पानी नहीं मिला। उसने एक हाथी को देखा। उसने कहा, "हाथी भैया, हाथी भैया, मैं प्यासी हूँ। मेरा गला सूख रहा है। थोड़ा पानी पिला दो।"



हाथी उसे एक कुएँ के पास ले गया। हाथी को एक उपाय सूझा। उसने अपनी सूँड़ में पानी भरकर गिलहरी को पिलाया। गिलहरी की प्यास बुझ गई। वह बहुत खुश हुई और कहा "हाथी, अब से तू मेरा साथी।"



## अभ्यास

### 1. उत्तर लिखो :

क. गिलहरी किसकी खोज में निकली ?

ख. हाथी गिलहरी को कहाँ ले गया ?

ग. हाथी ने गिलहरी को पानी कैसे पिलाया ?

घ. अंत में गिलहरी ने क्या कहा ?

### 2. सही (✓) और गलत (✗) का निशान लगाओ :

© KTBS Not to be published

क. हाथी को प्यास लगी। ☐

ख. गिलहरी ने हाथी को देखा। ☐

ग. गिलहरी बहुत खुश हुई। ☐

घ. हाथी का गला सूख रहा है। ☐

### 3. शब्द बनाओ :

| | | |
|---|---|---|
| हा | गा | र |
| शे | थी | लू |
| बं | मो | य |
| भा | द | र |

**उदा :** हाथी

1..........


2..........

3..........

4..........

5..........

## 4. चित्र देखकर नाम जोड़ो :




बाघ




हिरन



खरगोश



बकरी



घोड़ा

© KTBS
Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों से कुछ अन्य जानवरों के चमक कार्ड बनवाएँ ।

पाठ 20

# रेल का खेल

F6Y6R3

आओ बच्चो खेलें खेल।
मिलकर सभी बनाएँ रेल।।

मोहन तुम इंजन बन जाओ।
सीटी देकर रेल चलाओ।।

शीला गार्ड बनो तुम पीछे।
लाल-हरी झंडी दिखलाओ।।

छुक-छुक करती चलती रेल।
धुआँ उड़ाती जाती रेल।।

© KTBS
Not to be published



## अभ्यास

### 1. सोचो और बोलो :

क. रेल किसने बनाई ?

ख. इंजन कौन बनता है ?

ग. शीला क्या करती है ?

घ. रेल कैसे जाती है ?

### 2. कविता की पंक्तियाँ पूरा करो :

................ खेलें खेल।

मिलकर सभी ............।।

................ बन जाओ।

सीटी देकर ..............।।

### 3. चित्रों को देखकर नाम जोड़ो :

क. रेल




ख. सीटी



ग. झंडी



घ. मोहन



© KTBS Not to be published

**4. सही शब्द लिखकर वाक्य पूरा करो :**

क. बच्चों ने रेल ........... (बनाया / बनायी)

ख. लाल - ............. झंडी दिखलाओ। (पीली / हरी)


ग. ............. उड़ाती जाती रेल। (धूल /धुआँ)

घ. रेल ............ पर चलती है। (पटरी / सड़क)

**5. चित्र देखकर वाहनों के नाम लिखो :**


© KTBS Not to be published










## 6. बिंदुओं को मिलाकर चित्र पूरा करो और रंग भरो :



© KTBS
Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों में मिलजुल कर खेलने की भावना बढ़ाएँ। विभिन्न वाहनों के बारे में बताएँ।



पाठ 21

# चतुर बंदर




एक बंदर और मगर में गहरी दोस्ती थी। मगरमच्छ बंदर को अपनी पीठ पर बैठाकर नदी की सैर कराता था। बदले में बंदर भी मगर को मीठे-मीठे जामुन तोड़कर देता था। एक दिन मगरमच्छ कुछ जामुन अपनी पत्नी के लिए ले गया। उसने कहा - ''आपका मित्र रोज़ मीठे जामुन खाता है, तो उसका कलेजा कितना मीठा होगा। मैं तो उसका कलेजा ही खाऊँगी।''

पत्नी की जिद्द पर मगरमच्छ पेड़ के पास आकर बंदर से बोला - ''आज मेरी पत्नी ने बढ़िया पकवान बनाए हैं और तुम्हें घर बुलाया है।''

© KTBS Not to be published



बंदर उसकी पीठ पर बैठ गया। आधी नदी पार हो जाने पर मगरमच्छ ने बंदर को सच्चाई बता दी। बंदर ने चतुराई से काम लिया और कहा - ‘‘अरे मित्र ! मेरा कलेजा तो पेड़ की कोटर में ही रखा है।’’ यह सुनकर मगरमच्छ उसे वापस पेड़ के पास ले गया।



पेड़ पर पहुँचते ही बंदर मगरमच्छ से बोला - ‘‘अरे मूर्ख ! अपने मित्र को मारने चला था। आज से हमारी मित्रता टूट गयी।’’ मगरमच्छ अपना मुँह लटकाए घर चला गया।

**शब्दार्थ :**

जामुन - ನೇರಳೆ ಹಣ್ಣು, Black plum/Java plum ; मगरमच्छ - ಮೊಸಳೆ, Crocodile ; जिद्द - हठ , कलेजा - हृदय , पकवान - तरह-तरह के खाने के पदार्थ, कोटर - पेड़ का खोखला भाग , भीतर - अंदर, मुँह लटकाना - निराश होना।

## अभ्यास

### 1. उत्तर लिखो :

क. किन-किन में गहरी दोस्ती थी ?

ख. नदी की सैर कौन कराता था ?

ग. बंदर मगरमच्छ को क्या देता था ?

घ. मगरमच्छ की पत्नी ने क्या माँगा ?

च. मगरमच्छ बंदर से क्या बोला ?

छ. चतुर बंदर ने मगरमच्छ से क्या कहा ?

### 2. सही शब्द भरो :

क. मगरमच्छ नदी .............. सैर कराता था। (का / की)

ख. बंदर मगरमच्छ को जामुन ........... था। (देता / देती)

ग. बंदर रोज़ मीठे जामुन............. था। (खाता / खाती)

घ. ........... कलेजा कितना मीठा होगा? (उसका / उसकी)

च. आज से हमारी मित्रता टूट .........। (गया / गयी)

### 3. शब्दों को पूरा करो -

| | | |
|---|---|---|
| म.....रमच्छ | जामु.......... | रो..... |
| मि.......... | पे.......... | क.....जा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पेड़ | रोज़ | जामुन | मगरमच्छ | मित्र | कलेजा |

© KTBS Not to be published

**4. नमूने की तरह नीचे दिए गए शब्दों की सूची में एक वर्गेतर शब्द है, उस पर गोला लगाओ :**

गाय, कुत्ता, बिल्ली, (शेर)

क. सीता, गीता, राम, लता

ख. पीला, हरा, ठंडा, नीला

ग. आम, आलू, अमरूद, सेब

घ. गेंद, क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस

**5. नीचे दिये गये जीवियों में कौन पेड़ पर चढ़ सकता है ? निशान लगाओ :**

गिलहरी

घोड़ा

साँप

शेर

गधा



खरगोश

चींटी

चीता

लंगूर

बिल्ली


© KTBS Not to be republished

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को नीतिपरक कहानियाँ पढ़ने तथा कक्षा में सुनाने की प्रेरणा दें । पंचतंत्र की अन्य कहानियाँ सुनाएँ ।




# माँ का प्यार

H9R9L6



पाला पोसा मेरी माँ ने।
पग पग पर संभाला माँ ने।।
उँगली पकड़कर लिखना सिखाया।
खाकर ठोकर उठना सिखाया।।
माँ ही पहली गुरु है मेरी।
घर ही पहला गुरुकुल है।।
सदा बसी है माँ की मूरत।
कैसे भूलूँ माँ की सूरत।।
माँ की ममता, माँ का प्यार।
उसका कोई आर न पार।।

- डॉ. टी. जी. प्रभाशंकर 'प्रेमी'

© KTBS Not to be published

**शब्दार्थ :**

पोसना - पोषण करना, पग पग पर - कदम कदम पर , ठोकर खाना - चोट खाना, गुरुकुल - विद्या सीखने का केन्द्र , मूरत - मूर्ति, सूरत - चेहरा, मुख ; आर न पार - जिसकी कोई सीमा न हो।

## अभ्यास

**1. उत्तर लिखो :**

क. माँ ने क्या-क्या सिखाया ?

ख. पहला गुरु कौन होता है ?

ग. पहला गुरुकुल कौन-सा है ?

घ. किसका कोई आर पार नहीं है?

## 2. पंक्तियों को पूरा करो :

क. पग-पग पर ............... माँ ने।।

ख. सदा बसी है माँ की ............।

ग. माँ की ............., माँ का प्यार।

घ. ............... कोई आर न पार।।

| | |
|---|---|
| संभाला | ममता |
| मूरत | उसका |


## 3. शब्द पूरा करो :

**उदा** : संभाला उँ......ली, लि......ना, सूर......,

......खाया, प......ला, मूर......, म......ता

© KTBS Not to be published

## 4. शब्द बनाकर लिखो :




......पर......

...............

...............

...............

...............

## 5. कविता कंठस्थ करो ।

**अध्यापन संकेत :** माँ के प्रति बच्चों के कर्तव्य को समझाएँ।



पाठ 23

# अक्षर ही अक्षर

R1B7P4

पुस्तक में देखो अक्षर, समाचार पत्र में देखो अक्षर, सूचना-फलक पर देखो अक्षर । अक्षर ही अक्षर !

अक्षर शब्द का अर्थ है 'जो घट न सके या नष्ट न हो सके।' परस्पर विचार-विनिमय के लिए भाषा की आवश्यकता है । प्रारंभ में चित्रों के माध्यम से मानव अपने विचार प्रकट करता था। धीरे-धीरे ध्वनि-संकेत अस्तित्व में आये । चलते-चलते उसने भाषा को अपनाया जिसके मूल में हैं अक्षर । उसने अक्षरों की सहायता से पढ़ना-लिखना आरंभ किया ।

अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी सोच है । अगर अक्षर नहीं होते तो मनुष्य की प्रगति कभी नहीं होती । अक्षर शब्द रचते हैं, अर्थ-बोध कराते हैं और मनुष्य को संघजीवी बनाते हैं । इन्हीं अक्षरों के द्‌वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी ज्ञान का प्रचार-प्रसार हो रहा है।

© KTBS
Not to be published

**शब्दार्थ :**

माध्यम-के द्वारा, खोज-ढूँढ़ ।

## अभ्यास

**1. उत्तर लिखो :**

क. 'अक्षर' शब्द का अर्थ क्या है ?

ख. भाषा की आवश्यकता किसके लिए है ?

ग. प्रारंभ में मानव अपने विचार कैसे प्रकट करता था ?

घ. मानव ने किसकी सहायता से पढ़ना-लिखना आरंभ किया ?

च. अक्षरों का महत्व क्या है ?

छ. अक्षरों के द्‌वारा किसका प्रचार-प्रसार हो रहा है ?

**2. सही शब्द भरो :**

क. .......... पर देखो अक्षर। (पुस्तक/सूचना-फलक)

ख. प्रारंभ में .......... के माध्यम से मानव विचार प्रकट करता था। (चित्रों / भावों)

ग. चलते-चलते मानव ने .......... को अपनाया। (भाषा/अक्षर)

घ. अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी .......... है। (सोच/गलती)

ड. इन्हीं .......... के द्‌वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी ज्ञान का प्रचार-प्रसार हो रहा है । (पुस्तकों / अक्षरों)

© KTBS Not to be published

**3. वर्णमाला याद है न ? चलो, अब इन अक्षरों को क्रम में लिखो :**

| ओ | ए | अं | उ | इ | अ |
|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ |

**4. तुम्हारे और तुम्हारे पाँच दोस्तों के नाम में कौन कौन - से अक्षर हैं ? सोचकर लिखो :**

**उदाहरण :** रामू - र म

| | नाम | अक्षर |
|---|---|---|
| अपना नाम | 1. ................... | 1. ........... |
| दोस्त का नाम | 2. .................. | 2. ........... |
| ______ | 3. .................. | 3. ........... |
| ______ | 4. .................. | 4. ........... |
| ______ | 5. .................. | 5. ........... |
| ______ | 6. .................. | 6. ........... |

## 5. वर्णमाला के अक्षरों को सही तालिका में लिखो :

| स्वर | अयोगवाह | व्यंजन | संयुक्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |

## 6. इन भावों को अभिनय द्वारा प्रकट करो :

क. मुझे डर लग रहा है।

ख. मेरे दाँतों में दर्द हो रहा है।

ग. मुझे गर्मी लग रही है।

घ. मुझे नींद आ रही है।

च. तुम मेरे प्यारे दोस्त हो।

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** प्रारंभ में चित्रों के माध्यम से मानव ने अपने विचार किस प्रकार प्रकट किये होंगे - इसके बारे में छात्रों से चर्चा करें और चार-पाँच चित्र लिखवाएँ । उदा : सूर्योदय




# गिनती (21 से 50 तक)

B3G3F3

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | २१ | इक्कीस | 36 | ३६ | छत्तीस |
| 22 | २२ | बाईस | 37 | ३७ | सैंतीस |
| 23 | २३ | तेईस | 38 | ३८ | अड़तीस |
| 24 | २४ | चौबीस | 39 | ३९ | उनतालीस |
| 25 | २५ | पच्चीस | 40 | ४० | चालीस |
| 26 | २६ | छब्बीस | 41 | ४१ | इकतालीस |
| 27 | २७ | सत्ताईस | 42 | ४२ | बयालीस |
| 28 | २८ | अट्ठाईस | 43 | ४३ | तैंतालीस |
| 29 | २९ | उनतीस | 44 | ४४ | चवालीस |
| 30 | ३० | तीस | 45 | ४५ | पैंतालीस |
| 31 | ३१ | इकतीस | 46 | ४६ | छियालीस |
| 32 | ३२ | बत्तीस | 47 | ४७ | सैंतालीस |
| 33 | ३३ | तैंतीस | 48 | ४८ | अड़तालीस |
| 34 | ३४ | चौंतीस | 49 | ४९ | उनचास |
| 35 | ३५ | पैंतीस | 50 | ५० | पचास |

© KTBS Not to be published

## अभ्यास

**1. अंको में लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| इक्कीस | 21 | २१ |
| सत्ताईस | ......... | ......... |
| तीस | ......... | ......... |
| अड़तीस | ......... | ......... |

**2. शब्दों में लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| 24 | २४ | चौबीस |
| 35 | ३५ | ............. |
| 46 | ४६ | ............. |
| 49 | ४९ | ............. |

**3. पढ़ो और लिखो :**

| | | |
|---|---|---|
| 25 | २५ | पच्चीस |
| 29 | .......... | .......... |
| 37 | .......... | .......... |
| 41 | .......... | .......... |
| 44 | .......... | .......... |

© KTBS Not to be published

## 4. अंक और शब्द भरो :

| | | |
|---|---|---|
| 21 | | |
| 33 | | |
| | | चवालीस |
| 27 | | |
| | | सैंतालीस |
| | ४९ | |
| | | उनतीस |
| 39 | | |
| | | पैंतीस |
| | | तेईस |
| | ३१ | |
| | ४० | |
| | २५ | |
| 36 | | |
| 42 | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | छब्बीस |
| 30 | | |
| | | अड़तीस |
| | ४६ | |
| | ३४ | |
| 24 | | |
| | ४३ | |
| | ३७ | |
| | | बत्तीस |
| 45 | | |
| | | पचास |
| | २८ | |
| | | इकतालीस |
| 48 | | |
| | २२ | |

© KTBS Not to be published

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को 21 से 50 तक उल्टी तथा सीधी गिनती करने तथा लिखने का अभ्यास करवाएँ।

पाठ 25

# वनमहोत्सव

B5J5T9

गुरुजी - बच्चो, आज हमारे स्कूल में वनमहोत्सव है।

रमेश - गुरुजी, स्कूल में वनमहोत्सव क्यों मनाते हैं ?

गुरुजी - 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस है। इसलिए वनमहोत्सव मना रहे हैं।

आशा - गुरुजी, विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व क्या है?

गुरुजी - पर्यावरण के प्रति जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

जॉन - गुरुजी, हमें क्या करना चाहिए ?

गुरुजी - हमें पेड़-पौधों को बचाना चाहिए। उनके चारों तरफ तारों की बाड़ लगानी चाहिए।

रशीद और रमेश - गुरुजी, हम पेड़ ज़रूर लगायेंगे।

लता व गीता - हम उनके चारों तरफ तारों की बाड़ लगायेंगी।

राकेश - गुरुजी, मैं रोज़ सभी पेड़ों को पानी डालूँगा।

© KTBS Not to be published



गुरुजी - अच्छा,आओ, सबसे पहले मुख्याध्यापक जी से एक पेड़ लगवायेंगे।

सभी - हाँ गुरुजी, हम सभी पेड़ लगाएँगे। हम सभी उनकी रक्षा करेंगे।

बसंती - गुरुजी, पेड़ लगाने से और क्या-क्या लाभ हैं ?

गुरुजी - सुनो, पेड़ों से वर्षा होती है। शुद्ध हवा मिलती है। पेड़ों से छाया मिलती है।

सभी - गुरुजी, हम हर साल स्कूल में वनमहोत्सव मनाएँगे।

राजीव - गुरुजी, मैं हर साल अपना जन्म दिन एक पेड़ लगाकर मनाऊँगा।

गुरुजी, - बच्चो, तुम सभी ऐसा ही करोगे तो यह धरती हरी-भरी हो जाएगी।

**शब्दार्थः**

वन-जंगल, महोत्सव - बड़ा उत्सव, बाड़ - घेरा, (चौहद्दी), ओर - तरफ

© KTBS Not to be published

## अभ्यास

**1. उत्तर लिखो :**

क. स्कूल में कौन-सा उत्सव मनाया जा रहा था ?

ख. विश्व पर्यावरण दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?

ग. लता और गीता ने क्या कहा ?

घ. विश्व पर्यावरण दिवस क्यों मनाया जाता है?

ङ. सबसे पहले किससे पेड़ लगवाया गया ?

च. पेड़ लगाने से क्या-क्या लाभ हैं ?

छ. राजीव ने गुरुजी से क्या कहा ?

**2. कोष्ठक में सही (✓) या गलत (✗) का चिह्न लगाओ :**

क. हमें पेड़ नहीं काटना चाहिए। ☐

ख. पेड़ों से हानि होती है। ☐

ग. पेड़ों से छाया मिलती है। ☐

घ. पेड़ों से अधिक वर्षा होती है। ☐

## 3. चित्रों को देखो और पेड़ों के नाम लिखो :






☐ ☐ ☐ ☐

## 4. इन वाक्यों को सुन्दर अक्षरों में लिखो :

क. वृक्ष हमारे मित्र हैं।

..............................

ख. पेड़ों की रक्षा प्रकृति की रक्षा है।

....................................

ग. पेड़ों से छाया मिलती है।

....................................

घ. धरती हरी-भरी हो जाएगी ।

....................................

च. हमारे स्कूल में वनमहोत्सव है ।

....................................

**अध्यापन संकेत :** बच्चों को वनमहोत्सव, वृक्षों की रक्षा तथा वृक्ष लगाने की जानकारी दें। यह भी बताएँ कि वृक्ष न काटें।

© KTBS Not to be published